Date:
Registration number:

ST. JOSEPH'S COLLEGE (AUTONOMOUS), BENGALURU-27

B.A. HINDI - IV SEMESTER

SEMESTER EXAMINATION: APRIL 2022

(Examination conducted in July 2022)

HNA 420 – HINDI

Time- 2 ½ hrs. Max Marks-70

This question paper contains 02 printed pages and five parts

प्रश्न I: निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक हज़ार शब्दों में लिखिए। **12x02=24**

1. 'तमस' उपन्यास में सांप्रदायिक दंगों के क्या–क्या कारण बताए गए हैं?

2. 'तमस' उपन्यास के पात्र हरनाम सिंह के जीवन–संघर्षों को सविस्तार लिखिए।

3. 'तमस' उपन्यास में किए गए रिलीफ़ कमेटी और शरणार्थी समस्या के चित्रण को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न II: निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **08x02=16**

4. "तो कहने का मतलब की जो बात हाकिम देख सकता है वह आम लोग, तुम और हम नहीं देख सकते। अंग्रेज़ हाकिम की आँख चारों तरफ़ देखती है वरना क्या मुमकिन है कि मुट्ठी–भर फिरंगी सात समंदर पार से आकर इतने बड़े मुल्क पर हुकूमत करें? अंग्रेज़ बहुत दानिशमन्द हैं, दूरअन्देश हैं..."

5. साहिबान, चूँकि आज सभी बुज़दिल चूहों की तरह घरों में घुसे बैठे हैं, मुझे अफ़सोस से कहना पड़ता है, कि आज प्रभातफेरी नहीं होगी, मैं आप सबसे माफ़ी चाहता हूँ और दरख़्वास्त करता हूँ कि आप सब शहर में अमन बनाए रहें। यह सब शरारत अंग्रेज़ की है जो भाई–भाई को आपस में लड़ाता है। जय हिन्द!"

6. "शहर की हिफ़ाज़त का सवाल राजनीतिक सवाल नहीं है, यह राजनीतिक पार्टियों के ऊपर का सवाल है, शहर के सभी लोगों का, नागरिकों का सवाल है। इसमें अपनी–अपनी पार्टियों को भूल जाना होगा। सरकार का भी रोल इसमें बहुत बड़ा है। हम सब को मिलकर शहर की स्थिति को सँभाल लेना चाहिए। हमें इसी वक्त शहर का दौरा करना चाहिए, उनसे अपील करनी चाहिए कि वे आपस में नहीं लड़ें।"

प्रश्न III: निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए। 05x02=10

7. भीष्म साहनी का जीवन परिचय

8. 'तमस' उपन्यास और भारत का विभाजन

9. 'तमस' उपन्यास का पात्र रणवीर

प्रश्न IV: निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग सात सौ शब्दों में लिखिए। 01x10=10

10. संपादकीय लिखते समय किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए? उदाहरण देकर समझाइए।

11. समाचार लेखन में भाषा के महत्व को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न V: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग सात सौ शब्दों में निबंध लिखिए। 01x10=10

12. श्रीलंका के आर्थिक रूप से दिवालिया होने के कारण क्या हैं?

13. क्या भारत फिर से 'सोने की चिड़िया' बन सकता है?

==